वी.यू. में विश्व पर्यावरण के सुधार दिशा में वृहद पौधारोपण की भव्य पहल

जबलपुर, दिनांक 20.06.2019। महामहिम कुलाधिपति व राज्यपाल, म.प्र. शासन के निर्देशानुसार नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में **''विश्व पर्यावरण दिवस''** के द्वितीय चरण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा शपथग्रहण समारोह, व्याख्यान एवं वृहद वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रणंता व माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। इसी तारतम्य में विश्वविद्यालय में प्रातः 10:00 बजे से पीपल, नीम व उपयोगी पौधों का रोपण किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय प्रागंण व वि.वि. की विभिन्न इकाईयों में पौधे रोपे गए। इस दौरान बी.व्ही.एस.सी / बी.एफ.एस.सी. के प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा 500 पौधों का एवं ट्रीगार्ड छात्र–छात्राओं के नाम की पट्टिका के साथ लगवाये गये। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि आपके द्वारा रोपित वृक्षों की 05 वर्ष तक अपनी डिग्री के दौरान रख–रखाव की जिम्मेदारी छात्र–छात्राओं की होगी व इनकी समीक्षा उपरांत छात्र–छात्राओं को उनके उत्कृष्ट कार्यानुसार पुरस्कृत किया जायेगा और छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं वृक्षारोपण हेतु शपथ दिलाई व समस्त शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं वृक्षारोपण हेतु शपथ दिलाई व समस्त शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं पशुधन विकास में पर्यावरण महत्व के बारे में जानकारी देने के साथ–साथ बताया कि वृक्षारोपण के फलस्वरूप प्रशासनिक परिसरों के आस–पास के पर्यावरण में सुधार तभी परिलक्षित होगा एवं वायु प्रदूषण के स्तर में कमी होगी व सभी को निरंतर आक्सीजन मिलती रहेगी, जो कि मानव एवं प्राणीयों की मूलभूत आवश्यकता है। इसके अलावा बढ़ते हुये तापमान को भी नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। इस शुभ अवसर पर अधिष्ठाता संकाय डॉ. एस. एन.एस. परमार, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. वाय.पी. साहनी, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. जे.के. भारद्वाज, कुलसचिव, डॉ. एस.के. जोशी, महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा, संचालक विस्तार सेवायें, डॉ. सुनील नायक, डॉ. ए.के. गौर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. एस.के. महाजन, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ. गिरिधारी दास,, डॉ. विश्वजीत राय, डॉ. सोना दुबे, डॉ. अंजू नायक, डॉ. अखिलेश पाण्डेय, डॉ. दानवीर यादव, डॉ. प्रति मिश्रा, डॉ. माधुरी शर्मा, श्री विनोद शर्मा एवं समस्त छात्र–छात्राओं, अधिकारीयों, व कर्मचारीयों की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर